2 NOV 3 2026.qxd 01-11-2026 22:47 Page 1

महाकुंभने सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासतका परिचय कराया - केशव

उपमुख्यमंत्रीने युवाओं, नौजवानों और महिलाओंसे की लोकतांत्रिक प्रक्रियामें सक्रिय भागीदारीकी अपील

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महाकुंभ ने पूरी दुनिया को भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासत का परिचय कराया है। इस मौके पर उन्होंने युवाओं, नौजवानों और महिलाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव



प्रसाद मौर्य रविवार को परेड मैदान में आयोजित प्रबुद्ध महाकुंभ सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की पावन धरती पर आयोजित महाकुंभ में ६६ करोड़ श्रद्धालुओं का आगमन हम सभी के लिए गौरव और गर्व की बात है। यह भारत की सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और अटूट आस्था का विराट प्रतीक है। महाकुंभ ने पूरी दुनिया को भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासत का परिचय कराया है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष लगातार सरकार को असफल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, लेकिन जनता का आशीर्वाद और विश्वास सरकार की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी न पहले झुके हैं और न आगे झुकेंगे। राष्ट्रहित, गरीब कल्याण और विकसित भारत के संकल्प के साथ केंद्र सरकार निरंतर कार्य करती रहेगी।श्री मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए डबल इंजन सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। प्रदेश की जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भाजपा सरकार जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ा रही है।

उन्होंने आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों का उल्लेख करते हुए युवाओं, नौजवानों और महिलाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश के विकास, सुशासन और राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। जनता को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहकर अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करना चाहिए।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक डा. एल.एस. ओझा ने डिप्टी सीएम को बुके भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डिप्टी सीएम श्री मौर्य एवं स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इसके पूर्व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य लेटे हनुमान मंदिर के समीप आयोजित भईया जी का दाल-भात परिवार के वार्षिकोत्सवमें शामिल हुए। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि नियमित सेवा साधना के आठ वर्ष में इस परिवार के अन्न क्षेत्र में करीब २२ लाख लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया है। उन्होंने कहा कि ६६ करोड़ लोगों ने कुम्भ में डुबकी लगायी और इस क्षेत्र से कोई भी श्रद्धालु भूखा नहीं गया। भईया जी का दाल-भात परिवारकी ओर से तीर्थराज प्रयागराज में देश-दुनिया से आने तीर्थयात्रियों को प्रसाद प्राप्त होता है। गंगा की गोद में हनुमान जी के धाम में इस सेवा कार्य की उन्होंने भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती ने भी अपना आशीवर्चन प्रदान किया। इसके अलावा डिप्टी सीएम ने मदन मोहन मालवीय पार्क में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित प्रयागराज का संदेश दिया।

मनीष शांडिल्य बने डीसीपी यमुनानगर

पुलिस कमिश्नरेट में तीन डीसीपी के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। डीसीपी मनीष कुमार शांडिल्य को यमुनानगर एवं पुलिस लाइंस की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह यमुनानगर जोन की कानून-व्यवस्था के साथ पुलिस लाइंस से जुड़े प्रशासनिक कार्यों का दायित्व संभालेंगे। इसके पहले मनीष शांडिल्य पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज में डीसीपी सिटी, डीसीपी क्राइम एवं डीसीपी

कुवंर ज्ञानंजयको यातायात एवं विवेक यादवको माघमेलाकी जिम्मेदारी

यातायात का कार्यभार संभाल चुके हैं।

वहीं, नवागत डीसीपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह को यातायात एवं यूपी-११२ की जिम्मेदारी दी गई है। उनके जिम्मे शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु रखना, जाम की समस्या से निपटना और आपात स्थिति में पुलिस की त्वरित सहायता उपलब्ध कराना होगा। इसी क्रम में डीसीपी विवेक चंद्र यादव को माघ मेला एवं प्रोटोकॉल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आगामी माघ मेले की सुरक्षा व्यवस्था, तैयारियों, प्रशासनिक समन्वय और वीआइपी प्रोटोकॉल का दायित्व अब उनके पास होगा। पुलिस आयुक्त की ओर से जारी नया कार्यविभाजन आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

दिव्यांगजनोंकी क्षमताओंको अवसर देना समाजका नैतिक दायित्व -न्यायमूर्ति गिरि

दिव्यांग समागम एवं संस्कृति महोत्सवमें बोले न्यायमूर्ति, प्रतिभा और संकल्पसे राष्ट्र निर्माणमें दे रहे योगदान-उप मुख्यमंत्री केशव मौर्यने सरकारी सुविधाओंके सरलीकरणपर दिया जोर

दिव्यांगजन समाज पर बोझ नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण शक्ति हैं। उनकी प्रतिभा और क्षमताओं को पहचानकर सम्मानजनक अवसर उपलब्ध कराना तथा समाज की मुख्यधारा में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। यह बाते इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति पीके गिरि ने रविवार को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र परिसर में आयोजित दिव्यांग समागम एवं संस्कृति महोत्सव के उद्घाटन सत्र में कही।इस मौके पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सरकारी सुविधाओं के सरलीकरण पर जोर दिया।

एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के अंतर्गत रविवार को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र,समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम)एवं काशी प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग समागम एवं संस्कृति महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति पी.के. गिरि ने अपने संबोधन में कर्तव्यबोध, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अपनी प्रतिभा, परिश्रम, संकल्प और सकारात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उनकी क्षमताओं को पहचानना, उन्हें सम्मानजनक अवसर उपलब्ध कराना और समाज की मुख्यधारा में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ प्रचारक मनोज ने चोपड़ा ने मीडिया की भूमिका और सामाजिक संवेदनशीलता के सवाल को प्रमुखता से उठाया।

महोत्सव के द्वितीय सत्र के मुख्य



भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं हमारी राष्ट्रीय पहचान और सामाजिक एकता का आधार हैं। वर्तमान समय में ऐसी शक्तियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता को विभाजित करने का प्रयास करती हैं। वरिष्ठ पत्रकार धनंजय

अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने अपने संबोधन में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए संचालित सरकारी योजनाओं और सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया को सरल बनाने, आवास योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने, मासिक भत्ता, विवाह निधि सहित विभिन्न सरकारी सुविधाओं तक दिव्यांगजनों की आसान पहुंच सुनिश्चित करने के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम के समन्वयक काशी प्रांत अध्यक्ष योगेंद्र बाजपेयी ने कहा कि दिव्यांगता के संबंध में सम्यक दृष्टिकोण के साथ काम किया जाना चाहिए।अध्यक्षता सक्षम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलाकांत पाण्डेय ने की। इस अवसर पर महानिर्वाणी अखाड़ा के सचिव महंत यमुनापुरी महराज, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वी.के. सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, राजेश मिश्र, डा. मणि शंकर द्विवेदी, डा. अपराजिता चौधरी आदि उपस्थित रहे।

दिव्यांग कलाकारोंकी प्रस्तुतियोंने बांधा समां

महोत्सव में दिव्यांग कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। दिव्यांग बालिका गुनगुन ने शास्त्रीय गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। नीरज शुक्ल और दीपक पांडेय की जोड़ी ने भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। सपत्नीक आलोक की प्रस्तुति के साथ ही वाराणसी से आईं बबली विश्वकर्मा और शांति राज सहित अन्य कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरीं। इस दौरान दिव्यांग प्रतिभाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

मिट्टीके दीयोंकी बढ़ी मांग, तैयारीमें जुटे कुम्हार

दीपावली पर्व के मौके पर सबसे अधिक महत्व मिट्टी के दियों की है। बाजार से निरंतर मांग को देखते हुए कुम्हार भी तैयारी में जुट गये हैं। कुम्हार समाज के लोगों को उम्मीद है कि इस बार मिट्टी दीयों और खिलौनों की अच्छी बिक्री होगी।दीपावली पर्व को लेकर बाजार में इस बार सुंदर दीयों के साथही आकर्षक डिजाइन के बर्तन और खिलौने उपलब्ध है।पीएम मोदी के वोकल फार लोकल आन्दोलन को देशभर में काफी गति मिल रही है। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर एक प्रेरणादायक वीडियो साझा किया। पीएम मोदी ने लोगों से यह सुनिश्चित करने आह्वान किया कि त्योहारों के दौरान उनकी प्राथमिकता वोल फार-रलोकल है।साथही पीएम ने नागरिकों से नमो एप पर स्वदेशी उत्पादों के साथ सेल्फी साझा करने और यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान करनेका भी आग्रह किया।

डिप्टी सीएम ने कांग्रेसकी रैलीको बताया फ्लाप

प्रयागराज दौरे पर आये डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि सपाई व कांग्रेसी समाज को बांटने की साजिश कर रहे है लेकिन सफल नहीं होंगे। २०२७ में यूपी में तीसरी बार प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है और २०२९ में भी भाजपा की सरकार बनेगी। दिल्ली के रामलीला मैदान पर राहुल गांधी सहित इंडी गठबंधन की रैली पर कटाक्ष करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि रैली फ्लाप हो गई है। जनता का समर्थन नहीं मिला। डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के पास जमीन नहीं है। हमारे पास २०१४, २०१७, २०१९, २०२२ व २०२४ का उदाहरण है। और अब जब २०२७ में भी अखिलेश हारेंगे तो फिर वोट चोरी ईवीएम खराब होने का राग अलापेंगे। इससे पहले बम्हरौली एयरपोर्ट पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ल,विक्रमजीत सिंह भदौरिया, आनंद सोनकर,विवेक मिश्रा, पवन श्रीवास्तव, ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया।

बाउण्डरीवाल तोड़कर प्लाटपर कब्जा, विरोधपर धमकी

शिवकुटी थानेमें पांचके खिलाफ एफआईआर

शिवकुटी के तेलियरगंज में एक व्यक्ति के प्लाट की बाउंड्रीवाल तोड़कर दोबारा कब्जा करने का आरोप लगा है। विरोध करने पर आरोपितों ने प्लाट मालिक को परिवार समेत जान से मारने और शव उसी जमीन में दफन करने की धमकी दी। शिवकुटी पुलिस ने पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

तेलियरगंज निवासी अब्दुल मन्नान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की चंद्रशेखर आवास योजना में बी-६३ नंबर का भूखंड खरीदा था। चार नवंबर २००८ को इसकी रजिस्ट्री कराई थी। आरोप है कि प्लाट के पीछे रहने वाले मोहम्मद सलमान, मोहम्मद जीशान, मोहम्मद दानिश, निसार अहमद और उनकी पत्नी रुलसाना ने पहले भी उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया था। एसडीएम सदर और पुलिस की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटवाया गया था। इसके बाद अब्दुल मन्नान ने प्लाट की बाउंड्रीवाल बनवाकर कब्जा ले लिया था। आरोप है कि १८ सितंबर २०२६ की रात आरोपितों ने बाउंड्रीवाल तोड़कर प्लाट पर दोबारा अवैध निर्माण कर लिया और वहां रखा सामान भी अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी होने पर अब्दुल मन्नान मौके पर पहुंचे और विरोध किया तो आरोपितों ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपितों ने कहा कि दोबारा प्लाट पर दिखाई दिए तो जान से मारकर उसी जमीन में गाड़ देंगे।

यूजीसीपर सवाल पूछने वाले युवकको भीड़ने खदेड़ा

परेड मैदान में आयोजित प्रबद्ध महाकुभ कार्यक्रम में शामिल एक युवक ने यूजीसी को लेकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से सवाल पूछा और उनके भाषण के दौरान शोर शराबा मचाया। जिसके बाद कार्यक्रम में शामिल लोगो ने उसको वहां से भगा दिया। इस बीच पुलिस भी वहां पहुंच गयी। वहां मौजूद भीड़ के गुस्से को देख पुलिस उक्त युवक को अपने साथ कार्यक्रम के बाहर लायी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया।



भईया जी के दाल-भात परिवारके वार्षिकोत्सवमें प्रसाद ग्रहण करते लोग।

अधिवक्ताका मोबाइल छीनकर भागे बाइक सवार बदमाश

सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

सिविल लाइंस में बाइक सवार दो बदमाशों ने अधिवक्ता को निशाना बनाते हुए झपट्टा मारकर उनका मोबाइल फोन छीन लिया। वारदात उस समय हुई जब वह साइकिल से घर लौट रहे थे और रास्ते में मोबाइल पर बात कर रहे थे। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश खरबंदा चौराहे की ओर भाग निकले। अधिवक्ता की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मूलरूप से आजमगढ़ निवासी अधिवक्ता विकास उपाध्याय बिजली घर चौराहे के पास सुदर्शन भवन में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि २८ अक्टूबर की रात करीब १० बजे वह अपने चैंबर से साइकिल लेकर घर के लिए निकले थे। रात करीब १०:४५ बजे रॉयल होटल के सामने खरबंदा शॉप के पास पहुंचे तो मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे।

इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उनके करीब पहुंचे और झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, दोनों खरबंदा चौराहे की ओर भाग निकले। वारदात के बाद अधिवक्ता सुभाष चौराहे के पास मौजूद पुलिसकर्मियों के पास पहुंचे और घटना की जानकारी दी। उन्हें अगले दिन थाने में तहरीर देने के लिए कहा गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। बदमाशों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

धूमधामसे निकली भगवान श्रीचित्रगुप्त महाराजकी शोभायात्रा

कायस्थ समाजकी एकता, समरसता एवं राष्ट्र समर्पणका दिया संदेश

कायस्थ समाज की एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश लेकर भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज की शोभायात्रा रविवार को बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गयी। शोभायात्रा में शामिल बाइक सवार लोगों ने भगवान चित्रगुप्त महाराज की जय का जयघोष भी किया।

शोभायात्रा की शुरुआत केपी कालेज मैदान स्थित मेजर रंजीत सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स से पूजन-अर्चन एवं आरती के साथ हुई। देश को राजनीति में डा. राजेन्द्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री, जयप्रकाश नारायण, डा. सम्पूर्णानन्द, साहित्य में महादेवी वर्मा, मुंशी प्रेमचंद, दर्शन में स्वामी विवेकानंद, खेल में मेजर ध्यानचंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, कायस्थ पाठशाला के संस्थापक मुंशी काली प्रसाद, चौधरी महादेव प्रसाद, चौधरी नौनिहाल सिंह तथा स्वतंत्रता संग्राम में अमर शहीद खुदीराम बोस जैसे इतिहास रचयिताओं को आर्दशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली गयी शोभायात्रा में सबसे आगे ढोल-नगाड़ा, बैंड-बाजा, डीजे उसके पीछे सैकड़ों युवाओं की बाइक और भगवान श्री चित्रगुप्त जी की आठ पहिए वाली शाही बग्गी (रथ) मुख्य आकर्षण रही। शोभायात्रा मेडिकल कालेज चौराहा, हनुमान मंदिर चौराहा, सुभाष चौराहा



से होते हुए केपी कम्युनिटी सेंटर पहुंची जहां सभा एवं भजन सांध्या के साथ समापन हुआ। यात्रा का संदेश रहा 'हम एक थे और हम एक हैं और हम एक रहेंगे' तथा समाज में व्याप्त विषमताओं को समाप्त कर एकता, संस्कार, संघटन और राष्ट्र समर्पण का संदेश देना' रहा। शोभायात्रा में वरिष्ठ अधिवक्ता टीपी सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव धुन्नू भइया, चौधरी कौशलेन्द नाथ सिह, निशीथ वर्मा, कुमार नारायण, सुमित श्रीवास्तव, यसडी कौटिल्य, शौर्यदीप सचिन श्रीवास्तव, भूपेन्द्र श्रीवास्तव पीयूष, रिन्कू श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, सुधांशु श्रीवास्तव, अंकित राज, प्रखर श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

रंग-बिरंगे झूमर एवं आकर्षक लाइटिंग से सजे बाजार

धनतेरस एवं दीपावली पर्व को लेकर नगर के मुख्य बाजार चौक, लोकनाथ, जानसेनगंज, बहादुरगंज, नखास कोहना, सिविल लाइंस, कटरा सहित अन्य सजकर तैयार हो गये हैं। इस समय रोशनी के पर्व को लेकर नगर का इलेक्ट्रिानिक बाजार रंग बिरंगे झूमर और आकर्षक लाइटिंग से सज गया है। बाजार में दस रुपये से लेकर हजारों रुपये तक के सजावटी आइटम उपलब्ध है। बाजार की रौनक को देखकर व्यापारियों को भी इस बार अच्छे कारोबार की उम्मीद है। शाम होते ही इन दुकानों पर लगी रंग बिरंगी रोशनी से पूरा बाजार जगमगाने लगता है।

दुकानदारों का कहना है कि दीपावली पर घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों को सजाने के लिए लोग अलग अलग तरह के सजावटी आइटम खरीद रहे हैं। बाजार में छोटे-बड़े आकार के झूमर, झालर, एलईडी लाइट, रंगीन बल्ब, डेकोरेटिव लाइटिंग और अन्य आकर्षक सजावटी सामग्री उपलब्ध है। खास बात यह है कि यहां हर बजट के हिसाब से सामान मिल रहा

छुट्टीके दिन पूरे दिन बाजारोंमें रही रौनक

है। बाजार में दस रुपये से लेकर दो हजार से तीन हजार रुपये तक के सजावटी आइटम उपलब्ध है। कम कीमत वाले सामान से लेकर आकर्षक डिजाइन के महंगे झूमर तक ग्राहकों के लिए विकल्प मौजूद है। महिलाएं घरों को सजाने के लिए सजावटी सामानों की खरीदारी ज्यादा कर रहीं हैं। धनतेरस के शुभ मौके पर नये सामानों की खरीदारी के लिए लोगों ने बाजारों में टोह लेना शुरू कर दिया है। वहीं अभी कपड़े, जूते, चप्पल, सजावटी सामानों, परदे आदि की खरीदारी की जा रही है। सुबह से शाम तक बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ जुट रही है। लम्बे समय के बाद त्योहारी सीजन में सोना और चांदी के भाव में गिरावट से सराफा कारोबारियों और ग्राहकों को राहत मिली हैं। इधर दामों में नरमी के कारण धनतेरस और दीपावली से पहले सराफा बाजारों में ग्राहकों की एडवांस बुकिंग और खरीदारी तेज हो गयी है।

'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान, सागर में नैया डार दई'

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित दीपावली शिल्प मेले के मंच पर रविवारको दृष्टिबाधित बुंदेली लोकगायक सुनील लोधी ने फिल्म 'हनुमान अंश' के चर्चित भजन 'मैंने तेरे ही भरोसे आ गये तुम्हारे दरबार', 'मेरे भोले जी कर दो नजर', 'ओ मोरे संकट के कटइया हनुमान' और 'हमारे संकट

दीपावली शिल्प मेलामें बुंदेली लोकगायक सुनील लोधीने की फिल्म 'हनुमान अंश' के चर्चित भजनोंकी प्रस्तुति



काटो प्रभु' जैसे भजनों से भक्तिमय माहौल बना दिया।

सुनील लोधी की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उनकी प्रस्तुति के बाद दर्शकों में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ लग गयी। प्रशंसक उनके साथ तस्वीरें खिंचवाने और इस यादगार पल को अपने कैमरे में कैद करने के लिए उत्साहित नजर आये। आज के कार्यक्रम की शुरुआत विचारक मनोज, अतुल मिश्रा भारतीय रेल कार्मिक सेवा उप महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, उपनिदेशक डाक्टर मुकेश उपाध्याय एवं सलाहकार कल्पना सहाय ने दीप जलाकर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत अच्छे लाल एवं दल के बिरहा गायन से हुई। कलाकारों ने लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम की अयोध्या वापसी के प्रसंग को बिरहा के माध्यम से प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। इसके बाद उर्वशी जेटली ने भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति दी। उनकी भाव-भंगिमाओं और लयबद्ध नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगत कलाकारों में हारमोनियम पर रवि शंकर विश्वकर्मा, मजीरा पर सुरेश विश्वकर्मा, ढोलक पर होरीलाल विश्वकर्मा, मंजीरा पर विकास चंद्र विश्वकर्मा और कोरस पर कृष्ण अवतार विश्वकर्मी ने साथ दिया। मैदानी कलाकारों की प्रस्तुतियों में हरियाणा के पानीपत से आए हरपाल नाथ ने बीन वादन से खूब रंग जमाया। बीन की पारम्परिक धुनों ने दर्शकों को आकर्षित किया।

हनुमान, सागर में नैया डार दई' की गूंज ने दीपावली शिल्प मेले की शाम को यादगार बना दिया। इससे पहले उन्होंने बड़े हनुमान को प्रणाम किया और श्रोताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए भजनों की शुरुआत की। उन्होंने 'दरस दे दो रघुनंदन, आ गये

मुर्गीके घरमें घुसनेके विवाद में महिलापर राडसे हमला

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हरियारा कटहुला गौसपुर गांव में मुर्गी के घर में घुसने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों ने एक महिला पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने महिला के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। मां को बचाने पहुंचे बेटे को भी पीटकर घायल कर दिया गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

कटहुला निवासी मनीष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोस में रहने वाले मटूरू के परिवार के लोग घर में मुर्गियां पालते हैं। ३० अक्टूबर की शाम करीब चार बजे मटूरू की एक मुर्गी उनके घर में घुस गई। इस पर मनीष की मां ललिता देवी ने मुर्गियों को बाड़े में रखने की बात कही, ताकि वे दूसरे के घरों में न घुसें। इसी बात पर मटूरू गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने अपने परिवार के छोटू उर्फ ननका, गुड्डू और सुद्दू को बुला लिया। आरोप है कि इसके बाद सभी ने एकराय होकर लाठी-डंडों से ललिता देवी को पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान गुड्डू ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर वार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ीं। मां को बचाने पहुंचे मनीष के साथ भी आरोपितों ने मारपीट की। जाते समय आरोपित पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे गए।

सब्जी मंडीमें मोबाइल चोरी कर खातेसे उड़ाये हजारों रुपये

यूपीआई एप के जरिए तीन बारमें निकाली रकम, मुकदमा

राजरूपपुर सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने गए व्यक्ति का मोबाइल चोरी कर साइबर ठगों ने उनकी पत्नी के बैंक खाते में सेंध लगा दी। मोबाइल में इंस्टाल यूपीआइ एप का इस्तेमाल कर ठगों ने तीन बार में ५६,६७१ रुपये निकाल लिए। खाते से रकम निकलने का मैसेज मिलने पर पीड़ित को ठगी की जानकारी हुई। धूमनगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर शातिर की तलाश कर रही है।

राजरूपपुर निवासी अवध नारायण पांडेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सब्जी खरीदने राजरूपपुर मंडी गए थे। इसी दौरान किसी ने उनकी जेब से मोबाइल पार कर दिया। मोबाइल में दो सिम कार्ड लगे थे।

साथ ही गूगल पे, फोनपे और पेटीएम एप भी इंस्टाल थे। इन एप से उनकी पत्नी संतोषी कुमारी पांडेय का बैंक खाता जुड़ा हुआ था। आरोप है कि मोबाइल चोरी होने के दो दिन बाद साइबर अपराधियों ने उनकी पत्नी के बैंक खाते से तीन बार में रकम ट्रांसफर कर ली।

पहले १० हजार, फिर २५ हजार और तीसरी बार २१ हजार रुपये निकाले गए। इस तरह कुल ५६,६७१ रुपये खाते से पार कर दिए गए। बैंक पहुंचने पर खाते से रकम निकाले जाने की जानकारी हुई। पीड़ित ने मोबाइल चोरी होने के बाद ही आनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद साइबर अपराध की शिकायत भी दर्ज कराई गई। धूमनगंज पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर शातिर की तलाश की जा रही है।

मां यमुनाकी आरती शुरू

नगर निगम की ओर से वोट क्लब के समीप विकसित किये गये प्रेरणा स्थल पर शाम छह बजे नियमित आरती होगी। जिसकी शुरुआत रविवार शाम महापौर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कर नगरवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं लोक कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज केवल एक शहर नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और आस्था का एक महान केंद्र है। मां गंगा, मां यमुना एवं अदृश्य मां सरस्वती के पावन संगम के कारण इस नगरी का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। मां यमुना हमारी सनातन परंपरा, संस्कृति और श्रद्धा का अभिन्न अंग हैं। मां यमुना की नियमित आरती का शुभारंभ होना प्रयागराज की धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने और नगर की आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

ग्राहकोंकी भीड़से व्यापारी उत्साहित

नवम्बर के शुरूआत माह में धनतेरस और दीपावली पर्व पड़ने पर व्यापारी भी काफी उत्साहित है। रविवार को छुट्टी के दिन नगर के खाने पीने, इलेक्ट्रानिक, वाहनों के बाजार पूरी तरह से खुले रहे हैं। कारोबारियों के मुताबिक समय के साथ सजावटी सामानों के डिजाइन और वैराइटी में काफी बदलाव आया है। पहले जहां पारंपरिक झालर और बल्ब की मांग रहती थी, वहीं अब लोग आधुनिक एलईडी लाइटिंग डिजाइनर झूमर और आकर्षक डेकोरेटिव आइटम पसंद कर रहे हैं। दीपावली पर रोशनी से घर सजाने की परंपरा के चलते झूमर बाजार में अच्छी खरीदारी हो रही है। धनतेरस एवं दीपावली पर्व को लेकर एक सप्ताह का समय बचा है। ऐसे में व्यापारियोंने अच्छे व्यापार को लेकर दिन रात तैयारी में जुटे हुये हैं।